# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–22 अप्रैल 2025** **सान्ध्य समाचार**

एक राष्ट्र एक चुनाव संबंधी बनी संयुक्त संसदीय समिति–जेपीसी के अध्यक्ष पीपी चौधरी ने कहा है कि यह राष्ट्रीय हित में है और इससे अर्थव्यवस्था को लाभ होगा। उन्होंने नई दिल्ली के संसद भवन में समिति की बैठक से पहले मीडिया से बातचीत की।

***वन नेशन, वन इलेक्शन देश के हित में है क्योंकि इससे अर्थव्यवस्था में बड़ा इजाफा होगा और जो असुविधा होती है इनडाइरेक्ट नुकसान होता है चाहे हमारे एजुकेशन सिस्टम को हो, बच्चों को हो, चाहे टीचर्स का इन्वोल्वमेंट हो, चाहे पैरा मिलिट्री फोर्सिस का इन्वोल्वमेंट हो, चाहे इलेक्शन कमिशन के स्टाफ का इन्वोल्वमेंट हो, अगेन एंड अगेन एक साल में पांच–छह इलेक्शन होते हैं और चाहे गवर्नेंस का हो और चाहे लॉजिस्टिक का हो। सारी चीजें हम देखें तो करीब वन प्वाइंट 5 परसेंट जीडीपी का साइमलटेंसली इलेक्शन से देश को फायदा होगा।***

एक राष्ट्र एक चुनाव संबंधी संयुक्त संसदीय समिति में कुल उन्तालिस सदस्य हैं, जिनमें लोकसभा के सत्ताईस सदस्य और राज्यसभा के बारह सदस्य शामिल हैं।

**********

संघ लोक सेवा आयोग– यूपीएससी ने सिविल सेवा परीक्षा–सीएसई दो हजार चौबीस के परिणाम आज घोषित कर दिए। इसमें कुल एक हजार नौ सफल उम्मीदवार विभिन्न सेवाओं के लिए चुने गये हैं। प्रयागराज की शक्ति दुबे ने परीक्षा में पहला स्थान हासिल किया है। जारी परिणाम के मुताबिक शीर्ष के पचीस सफल उम्मीदवारों में ग्यारह महिलाएं और चौदह पुरुष शामिल हैं। सिविल सेवा की मुख्य परीक्षा में चौदह हजार छह सौ सत्ताईस उम्मीदवारों को शामिल होने का अवसर दिया गया, जिनमें से दो हजार आठ सौ पैंतालिस उम्मीदवारों को व्यक्तित्व परीक्षण के लिए चुना गया। सिविल सेवा की प्रारंभिक परीक्षा सोलह जून दो हजार चौबीस को आयोजित की गई थी, जिसमें पांच लाख तिरासी हजार दो सौ तेरह उम्मीदवार शामिल हुए थे।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ के सिटी मांटेसरी स्कूल में आयोजित गुरू गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा–पांच के कार्यकर्ता सम्मान समारोह में हिस्सा लिया। इस अवसर पर उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि भारत में यात्राओं की लम्बी श्रृंखला रही है। आदि शंकराचार्य ने शंकर दिग्विजय यात्रा के माध्यम से भारत को सांस्कृतिक रूप से जोड़ने का काम किया। ऐसी धार्मिक यात्रायें केवल आस्था नहीं बल्कि समाज को एकता के सूत्र में बांधने का माध्यम बनती है। उन्होंने कहा कि सेवा यात्रा से स्वास्थ्य जागरूकता में क्रांतिकारी बदलाव आया है। इस यात्रा ने बड़ी संख्या में लोगों के लिये स्वास्थ्य सेवा और पौष्टिक आहार की व्यवस्था सुनिश्चित की है।

**********

विश्व में पर्यावरण संरक्षण प्रयासों में समर्थन के लिए आज पृथ्वी दिवस मनाया जा रहा है। इस वर्ष पृथ्वी दिवस का विषय है– हमारी शक्ति, हमारा ग्रह । प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

***इस वर्ष का विषय व्यक्तियों, समूहों और सरकारों से वर्ष 2030 तक स्वच्छ ऊर्जा के उत्पादन को तीन गुना करने का आग्रह करता है, जो अक्षय ऊर्जा को अपनाने की तत्काल आवश्यकता पर बल दे रहा है। यह अभियान जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम करना और स्थायी, न्यायसंगत तथा समावेशी ऊर्जा भविष्य में निवेश करने के महत्व को रेखांकित करता है। समाचार कक्ष से, मुकेश कुमार बल।***

विश्व पृथ्वी दिवस पर एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिये मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में काम कर रहे लोगों को बधाई दी है। उन्होंने लोगों से धरती को हरा भरा एवं स्वच्छ रखने के लिए संकल्पित होने की अपील भी की है। इस अवसर पर प्रदेश के विभिन्न जिलों में विविध आयोजन किये जा रहे हैं।

**********

कैलाश मानसरोवर यात्रा कोविड के चार वर्षों बाद इस वर्ष तीस जून से फिर शुरू होने जा रही है। यह यात्रा उत्तराखंड सरकार और विदेश मंत्रालय के संयुक्त देखरेख में आयोजित होगी।

**********

मौसम विज्ञान विभाग ने प्रदेश के अधिकांश जिलों में अगले तीन दिन तक हीट वेव का यलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार अगले तीन दिन में अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की बढ़ोत्तरी का पूर्वानुमान है। हीट वेव का अलर्ट जारी होने के बाद कई जिलों के जिला प्रशासन ने स्कूलों के समय में बदलाव कर दिया है। संबंधित जिलों के जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने पत्र जारी कर कक्षा एक से आठवीं तक के स्कूलों के संचालन के समय में बदलाव का कड़ाई से पालन करने को कहा है। वाराणसी जिले में स्कूलों का समय सुबह सात बजे से अपराह्न डेढ़ बजे तक, जबकि चंदौली और प्रतापगढ़ जिले में विद्यालयों के संचालन का समय सुबह साढ़े सात बजे से दोपहर साढ़े बारह बजे तक कर दिया गया है।

**********

इंडियन प्रीमियर लीग आईपीएल क्रिकेट में चालीसवां मैच आज लखनऊ सुपर जायंट्स और डेल्ही कैपिटल्स के बीच होगा। लखनऊ के अटल बिहारी बाजपेई इकाना स्टेडियम में यह मैच शाम साढ़े सात बजे से खेला जाएगा। हमारे लखनऊ प्रतिनिधि ने बताया कि दोनों टीमों के पास बराबर अंक होने की वजह से इस मैच के बेहद रोमांचक होने की उम्मीद है।

**********